# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक नई दिल्ली में चल रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंत्रिमंडल की यह पहली बैठक है। मंत्रिमंडल की सुरक्षा कार्य समिति की बैठक भी आज हो सकती है।

*******************

भारत में पहला ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स–2025 कल से मुंबई में शुरू हो रहा है। इसका आयोजन जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। यह सम्मेलन श्रव्य–दृश्य तथा मनोरंजन उद्योग के भविष्य के बारे में चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इसमें उभरते रचनाकारों के लिए कई संवादत्मक सत्र आयोजित होंगे तथा कहानी कहने के नए प्रारूपों को प्रदर्शित किया जाएगा।

*******************

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर आलोक जोशी, पूर्व रॉ प्रमुख को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। नए सदस्यों में एयर मार्शल पी.एम. सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल ए.के. सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना शामिल हैं। इसके अलावा सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह को भी बोर्ड में जगह दी गई है। पूर्व राजदूत और सेवानिवृत्त आईएफएस बी. वेंकटेश वर्मा को भी सदस्य बनाया गया है।

*******************

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन– सीआईएससीई की तरफ से कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र ऑफिशियल वेबसाइट cisce.org पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। रिजल्ट जारी होते ही वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक देखने को मिल रहा है। छात्रों को सलाह दी गयी है कि वे संयम बनाए रखें।

*******************

गिरिडीह जिले में आज राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने 10 दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में श्री दुर्गा माता शिशु विधा मंदिर, मोहनपुर में आयोजित किया गया है। मौके पर श्री कुमार ने बताया कि शिविर में देश के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा और आम लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

*******************

सरायकेला जिला मुख्यालय में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ के रथ निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक चंपई सोरेन भी उपस्थित रहे।

मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि प्राचीन संस्कृति का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर बल दिया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

पाकुड़–दुमका मुख्य सड़क पर सोलागढ़िया के पास चारपहिया वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। ये सभी परीक्षा देने पाकुड़ आ रहे थे।

*******************

राज्य में मौसम का उतार चढ़ाव जारी है। कल से 3 मई तक उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी भागों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और तेज़ हवाओं का अनुमान है, जबकि 4 मई से मौसम शुष्क होने लगेगा।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में कल रात नई दिल्ली में कोलकाता नाइट राइडर्स ने डेल्ही कैपिटल्स को 14 रन से हरा दिया।

प्रतियोगिता में आज शाम चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

**********